# कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)

फा.क./775/वाहन/2025 | सिस्टम निविदा क. 177174 | कोरबा दिनांक 07.10.2025

## निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम, कोरबा द्वारा विभिन्न वाहनों के संचालन हेतु वाहन चालक,जे.सी.बी. आपरेटर, श्रमिक(वाहन) प्रदाय करने के लिए निविदाकारों से फार्म ''बी'' ई–प्रोक्युरमेंट (**E-Tendring**) के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं–

| क | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (लाख में) | अमानत राशि | कार्यावधि | निविदा प्रतिभागी शुल्क (DD) | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निगम के विभिन्न वाहनों के संचालन हेतु वाहन चालक,जे.सी.बी. आपरेटर, श्रमिक(वाहन) प्रदाय करने बाबत। (निगम मद) | 203.26 | 152500/– | 12 माह | 3000/- | 31.10.2025 से ......... |

शर्ते :–

1. निविदा ई–प्रोक्युरमेंट (E-Tendring) के माध्यम से ही स्वीकार किये जाएंगे।
2. जिन ठेकेदारों द्वारा नगर पालिक निगम के किसी ठेके के कार्य में अनुबंध के अनुरूप कार्य न किया गया हो अथवा नगर पालिक निगम के हित के विरूद्ध कार्य किया गया हो उन्हें निविदा भरने की पात्रता नहीं होगी, अपात्र माना जावेगा।
3. इच्छुंक ठेकेदारों का पंजीयन की प्रमाणित प्रतिलिपि यदि साझेदारी फर्म हो तो उसका प्रमाण पत्र (पार्टनरशीप डीड) की सत्य प्रतिलिपि, विगत 3 वर्षो का आयकर चुकता प्रमाण पत्र/पेन नम्बर, जी.एस.टी. पंजीयन प्रमाण पत्र एवं अमानत राशि के FDR/TDR की प्रति ऑनलाईन अपलोड करना अनिवार्य होगा, कर्मचारी भविष्य निधि रायपुर से पंजीकरण का कोड, निविदा प्रतिभागी शुल्क का डिमाण्ड ड्राफ्ट एवं धरोहर राशि FDR/TDR, शपथपत्र का स्केन कापी ऑन लाईन सिस्टम पर अपलोड करना अनिवार्य होगा ।
    - **अमानत राशि का वैध FDR/TDR, निविदा प्रतिभागी शुल्क का DD एवं शपथ पत्र की मूल प्रति लिफाफा में कार्य का नाम एवं अन्य विवरण अंकित कर केवल स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से निविदा खुलने की तिथि में दोपहर 3.00 बजे तक आयुक्त,नगर पालिक निगम,कोरबा साकेत भवन, आई.टी.आई.चौक रामपुर कोसाबाड़ी पिन– 495677 कोरबा को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।**
    - निविदाकार को प्रत्येक निविदा में पंजीयन क्षमता के अंतर्गत वर्तमान में नगर निगम या अन्य विभागों में उनके द्वारा किये जा रहे कार्यो का विवरण राशि सहित मूलप्रति में वैध शपथपत्र (राशि रू. 100/– नॉनज्यूडिशियल स्टाम्प) निविदा आमंत्रण दिनांक के पश्चात का, निविदा कमांक एवं कार्य का नाम अंकित करना अनिवार्य होगा।
    - **अमानत राशि का FDR/TDR एवं निविदा प्रतिभागी शुल्क का DD जो कि आयुक्त, नगर पालिक निगम,कोरबा के नाम पर देय हो प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।**
4. जिन निविदाकारों द्वारा कर्मचारी भविष्य निधि संगठन(वर्तमान तक वैधता)एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम, रायपुर से पंजीयन कराकर कोड प्राप्त कर लिया हो वे निविदाकार ही निविदा हेतु पात्र होंगे एवं कर्मचारी भविष्य निधि संगठन(ई.पी.एफ.) एवं विभिन्न प्रावधानों को धारा 1952 के तहत निविदार का जीवित पंजीयन होना आवश्यक है साथ ही निविदा आमंत्रण दिनांक से विगत तीन माह की अवधि में जमा किये गये **TRRN Payment Detail** चालान की प्रति प्रस्तुत करना तथा ऑनलाईन अपलोड किया जाना अनिवार्य होगा।
5. प्लेसमेंट के कर्मचारियों की प्रातः कार्य प्रारंभ करने के पूर्व एवं सायं कार्य समाप्ति के उपरांत, अर्थात दो बार उपस्थिति ली जाना अनिवार्य होगा।
6. उपस्थिति के आधार पर ही, प्लेसमेंट कर्मचारियों को मासिक पारिश्रमिक, उनके बैक खाते में मात्र आर.टी.जी.एस. द्वारा हस्तांतरित किया जावेगा। ई.पी.एफ, ईएससीआई. आदि की भी गणना कर, प्लेसमेंट द्वारा आर.टी.जी.एस. की गई राशि की मूल रसीद प्लेसमेंट एजेंसी द्वारा अनिवार्य रूप से निकाय को प्रस्तुत की जावेगी। निकाय द्वारा संविदा शर्तो के अनुसार प्लेसमेंट एजेंसी की भुगतान/प्रतिपूर्ति की कार्यवाही की जावेगी।
7. किसी शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्थाओं के एकल कार्यादेश में कम से कम 30 वाहन चालक प्रदाय करने का अनुभव हो ।
8. निविदाकार को प्रदाय किये गये वाहन चालको के जीवित लाईट/हैवी लाइसेन्स सत्यापित प्रति कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
9. प्रदाय किये गये वाहन चालक, जे.सी.बी. ऑपरेटर,श्रमिक(वाहन) की सुरक्षा, बीमा, चिकित्सा सुविधाएं, बोनस, प्रोविडेन्ट फन्ड आदि की जिम्मेदारी निविदाकार की होगी।
10. वाहन चालक द्वारा चलाये गये वाहनों के लॉगबुक भरने की जवाबदारी निविदाकार की होगी।
11. वाहन चालक द्वारा चलाये गये वाहनों के पूर्ण भरे हुए लॉगबुक प्रत्येक माह के अन्तिम सप्ताह में सत्यापन/परीक्षण हेतु वाहन शाखा में उपलब्ध करवाने की जवाबदारी निविदाकार की होगी।
12. वाहनों का लॉगबुक निर्धारित समयावधि में नही भरने अथवा परीक्षण नही करवाने पर भुगतान नही किया जा सकेगा, जिसकी जवाबदारी निविदाकार की होगी।
13. निविदाकारो द्वारा प्रदाय किये गये वाहन चालक, जे.सी.बी. ऑपरेटर एवं श्रमिक(वाहन) को न्यूनतम कलेक्टर दर पर महीने के प्रथम सप्ताह में भुगतान किया जाना अनिवार्य होगा।
14. प्रदाय किये गये वाहन चालक, आपरेटर एवं हेल्पर के कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना एंव असामायिक मृत्यु होने पर समस्त जिम्मेदारी निविदाकार की होगा।
15. प्लेसमेंट पर कर्मचारी रखे जाने हेतु श्रम विभाग के समस्त नियमों का पालन किया जाना अनिवार्य होगा।
16. वाहन चालक/ऑपरेटर/श्रमिक(वाहन) के अवकाश की स्थिति में उसके स्थान पर दूसरे वाहन चालक/ऑपरेटर/ श्रमिक(वाहन) की व्यवस्था करने की जवाबदारी निविदाकार की होगी।

17. प्रदाय किये गये वाहन चालक, जे.सी.बी. आपरेटर की शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 10वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा।
18. निविदा उन्ही ठेकेदारो को दिया जावेगा। जिन्हे इस प्रकार के कार्यो का अनुभव हों।
19. निविदा अहस्तांतरणीय होगी एवं सशर्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा ।
20. बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत या पूर्ण रूप से अमान्य करने का अधिकार सक्षम अधिकारी को रहेगा ।
21. किसी भी तरह की विवाद की स्थिति में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।
22. ठेकेदारों/प्रदायकर्ताओं को उपरोक्त कार्य हेतु श्रमिकों का भुगतान बैंक के माध्यम से किया जाना अनिवार्य होगा। ।
23. उपरोक्त निविदा सूचना की विस्तृत प्रति नगर पालिक निगम कोरबा की वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी यह टेन्डर उपलब्ध है।
24. अन्य सूचनाएं नगर पालिक निगम साकेत भवन रामपुर कोरबा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है
25. ठेकेदार द्वारा संपादित किए गए कार्यों के देयकों का भुगतान बजट आवंटन और राशि उपलब्ध होने पर किया जाएगा।
26. वाहन चालक/जे.सी.बी. ऑपरेटर/श्रमिक (वाहन) की आयु 62वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

अधीक्षण अभियंता.
नगर पालिक निगम,
कोरबा (छ.ग.)

**प्रतिलिपि :-** प्रोग्रामर, संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, नया रायपुर (छ.ग.) को uad.cg.gov.in में अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।

# OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, KORBA (C.G.)

## Abstract

Sub:- Supply/ Providing of Driver , JCB Operator, Labour (Vehicle) at Municipal Corporation Korba.

| S.No. | DESCRIPTION | UNIT | QTY | Rate | Amount |
|---|---|---|---|---|---|
| | Supply/ Providing of Driver , JCB Operator, Labour (Vehicle) at Municipal Corporation Korba. | | | | |
| 1 | Driver per day/per person- Driver (Skilled) Driver (360 Days X 56 Driver =20160) | Per Day Per Person | 20160 | | |
| | EPF (13%) | | | | |
| | ESIC (3.25%) | | | | |
| | Contractor Profit (13%) | | | | |
| | Total Rs. | | | | |
| | GST @18% | | | | |
| | Total Rs. | | | | |
| 2 | JCB Operator per day/per person- JCB Operator (High Skilled) JCB Operator (360 Days X 4 JCB Operator =1440) | Per Day Per Person | 1440 | | |
| | EPF (13%) | | | | |
| | ESIC (3.25%) | | | | |
| | Contractor Profit (13%) | | | | |
| | Total Rs. | | | | |
| | GST @18% | | | | |
| | Total Rs. | | | | |
| 3 | Labour (Vehicle)per day/per person - Labour (un-Skilled) (360 Days X 20 Labour =7200) | Per Day Per Person | 7200 | | |
| | EPF (13%) | | | | |
| | ESIC (3.25%) | | | | |
| | Contractor Profit (13%) | | | | |
| | Total Rs. | | | | |
| | GST @18% | | | | |
| | Total Rs. | | | | |
| | Grand Total Estimated Amount Rs. | | | | |

Sub Engineer
Municipal Corporation,
Korba (C.G.)

Assitt. Engineer
Municipal Corporation,
Korba (C.G.)

Superintendent Engineer
Municipal Corporation,
Korba (C.G.)